# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शनिवार, 30 अगस्त, 2025
वर्ष 01 | अंक 217 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## शराब, शबाब और कबाब का 'अहसान' चुकाया

### कादरी को किसने सेटिंग से पेश कराया..?



लव जिहाद की फंडिंग के मामले में करीब ढाई माह से फरार अनवर कादरी उर्फ अनवर डकैत आज जिला कोर्ट के कोर्ट नम्बर 14 में पेश हो गया... 8 सितम्बर के बाद कादरी की सम्पत्ति कुर्क कर दी जाती, इसके डर से वह कोर्ट में पेश हो गया... वहीं संभागायुक्त दीपक सिंह ने भी पार्षदी खत्म करने के विषय में 25 अगस्त तक जवाब तलब किया था, लेकिन वह 29 सितम्बर को सामने आया...

सूत्रात्मक खबर है कि कादरी को पेश करने में सफेदपोशों के साथ शहर के एक थाने के उन कुछ लोगों का भी हाथ रहा, जिनके लिए कादरी 'हरी पत्तियों के बंडल से लेकर शराब, शबाब से लेकर कबाब' तक की जुगाड़ करता रहा... आला अफसरों को चाहिए कि वे 'कादरी पर असहान' करने वालों का पता लगाएं... मालूम हो कि कादरी की तलाशी में पुलिस द्वारा कई जगह छापामारी से लेकर तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा... आज जैसे ही यह खबर फैली कि कादरी कोर्ट में पेश हो चुका है तो पुलिस अफसरों ने कोर्ट की तरफ दौड़ लगाई... कांग्रेसी पार्षद कादरी पर संयोगितागंज, सदर बाजार, खजराना, बागंगा, सराफा, छोटी ग्वालटोली, एमजी रोड, चंदन नगर सहित शहर के अनेकों थानों में करीब 20 से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं... वहीं खबर है कि कादरी कांग्रेस के अलावा अन्य पार्टियों के नेताओं से भी दोस्ती निभाता आया... मालूम हो कि बीती 15 जून को बाणगंगा पुलिस ने दो युवकों को लव जिहाद के आरोप में गिरफ्तार किया था... उस दौरान इन्होंने अनवर कादरी का नाम लेते हुए कहा था कि हिन्दू युवतियों को फंसाने और शादी करने के लिए दो लाख रुपए दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने कादरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और तब से ही वह फरार रहा...

### बदल लिया था हुलिया... कोर्ट में पड़ा थप्पड़

जब कादरी फरार हुआ तो उसके बाल और दाढ़ी सफेद थी, लेकिन आज जब वह कोर्ट में पेश हुआ तो उसकी दाढ़ी तो गायब थी और बाल भी काले करवा लिए थे... वहीं कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस वाले कादरी को दौड़ाते हुए वाहन तक ले गए... इस दौरान भीड़ में से वकीलों की तरह सफेद शर्ट और काली पेंट पहने किसी व्यक्ति ने कादरी को तमाचा भी जड़ दिया... फिलहाल कोर्ट ने कादरी को 8 दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंपा है..!

रणजीत टाइम्स – प्रेरक विशेष रिपोर्ट

## "झोपड़ी से आसमान तक सपनों को पंख देने वाली कहानी"



इंदौर। कहते हैं कठिनाइयाँ इंसान को तोड़ती नहीं, बल्कि उसे तराशती हैं। इसी बात को सच कर दिखाया है इंदौर ज़िले के एक छोटे से गाँव के युवक रामू चौधरी ने, जिसने हालात से लड़कर अपने सपनों को हक़ीक़त में बदल दिया। गरीबी ऐसी कि घर में छप्पर से बारिश टपकती थी। पिता मज़दूर और माँ खेतों में काम करती थीं। कई बार स्कूल जाने के लिए चप्पल तक नहीं होती थी, लेकिन ज्ञान पाने की ललक ने उसे रुकने नहीं दिया। खेतों में काम करके वह थक जाता, लेकिन रात को लालटेन की रोशनी में किताबें पढ़ता।

कक्षा 12वीं में उसने पूरे ज़िले में टॉप किया। आर्थिक तंगी के बावजूद हार नहीं मानी। दिन में मज़दूरी और रात को पढ़ाई करके उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कई बार फीस भरने के लिए दूसरों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाया। आज वही रामू चौधरी विदेश की एक नामी एरोनॉटिकल कंपनी में इंजीनियर है। गाँव लौटकर जब उसने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया तो उसकी आँखों में चमक थी। उसने कहा – "मेरे पास कभी साधन नहीं थे, लेकिन हिम्मत और मेहनत ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया। सपने छोटे-बड़े नहीं होते, बस उन्हें पूरा करने की जिद होनी चाहिए।" गाँव के बच्चे और युवा अब उसे अपना आदर्श मानते हैं। रामू की यह कहानी बताती है कि – गरीबी हालात है, लेकिन मेहनत इंसान की पहचान बनाती है। मुश्किल रास्ते ही हमें मंज़िल तक ले जाते हैं।

## पिछोर में उत्साह पूर्वक मनाया गया खेल दिवस

### खिलाड़ियों ने दी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि



**जगदीश पाल**

पिछोर(शिवपुरी) 29 अगस्त शुक्रबार को छत्रसाल स्टेडियम एवं शिवलोक पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें फुटबॉल मैच,100 मीटर दौड़, आदि प्रतियोगिताएं पिछोर विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी की अध्यक्षता एवं कयूम खान(चाचा) के विशिष्ट अतिथि के रूप में की गई!

सुनील लोधी तथा कयूम खान चाचा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन बढ़ाया इसके साथ ही यह कार्यक्रम 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विकासखंड पिछोर में बड़े उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है !साथ ही खिलाड़ियों एवं अतिथियों के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर मालाकर बच्चों को खेल के बारे में बताया इस मौके पर सत्येंद्र पाठक,रणजीत रहोरा, कृष्णा द्विवेदी, आदि सभी अतिथियों को सम्मान स्वरूप शिवलोक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नीरज गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए! अतिथियों का सम्मान प्राचार्य शीतल शर्मा द्वारा किया गया,मंच का संचालक एवं आभार ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेटर अतर सिंह गौर (जोंटी ) द्वारा किया गया इसके साथ ही अंत में खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराया गया!

## बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव का भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा किया गया सम्मान

**संजय प्रेम जोशी**



बागली। बागली पुलिस अनु विभागीय अधिकारी सृष्टि भार्गव विगत दिनों कैलाश मानसरोवर यात्रा करने पहुंची यह जानकारी भारत तिब्बत समन्वय संघ सदस्यों को लगने पर उन्होंने पुलिस अनुभाग अधिकारी सृष्टि भार्गव के निवास स्थान पर जाकर यात्रा के लिए बधाई देते हुए उनका शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया इस दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष शोभा गोस्वामी जिला



उपाध्यक्ष सुनील योगी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव पार्षद अमित धूलिये योग शिक्षिका श्रीमती कीर्ति पंचोली समाजसेवी रामचंद्र गवलना चित्राक्षी योगी उपस्थित रहे। यात्रा का वृतांत सुनाते हुए सृष्टि भार्गव ने बताया कि 14 दिन में उनकी यात्रा पूर्ण हुई है। इसके लिए वह शीघ्र ही भगवान जटाशंकर मंदिर पर जाकर अभिषेक भी करेंगें इस अवसर पर भारत तिब्बत समन्वय संघ सदस्यों के उपस्थिति में कैलाश मानसरोवर मुक्ति आंदोलन की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान दृष्टि भार्गव ने उनकी यात्रा का पूरा विवरण माधव एक्सप्रेस को बताया साथ ही बताया कि भारत के लोग हमेशा से कैलाश मानसरोवर को मुक्त होना देखना चाह रहे हैं यदि सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में कैलाश मानसरोवर की यात्रा सहज और सरल हो जाएगी वर्तमान में वहां पर जाना बहुत मुश्किल भरा है दो देशों के बीच के संबंधों के मध्य नजर सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर सघन जांच होती है। वर्तमान मोदी सरकार यदि चाहे तो कैलाश मानसरोवर की यात्रा सभी भारतीयों के लिए सुलभ हो सकती है। इसी दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ की प्रांतीय महामंत्री शोभा गोस्वामी ने संकल्प दिलाते हुए बताया कि हम सब प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से कैलाश मानसरोवर दुष्ट चीन के जंगल से मुक्त हो जाएगा।

## नगर परिषद में गणेश जी की स्थापना कर प्रतिदिन आरती पूजन हो रहा है।



**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या। गणेश चतुर्थी पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर में कई स्थानों पर गणेश जी की विधि विधान से स्थापना कर प्रतिदिन आरती पूजन किया जा रहा है। नगर परिषद में गणेश जी की स्थापना कर अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर, भाजपा महामंत्री रमेश संदुकलिया,लेखापाल अजय पथरोड भगवान सिंह राजपूत सुरेंद्र सिंह सेंधव, गणेश वर्मा, नन्दकिशोर तंवर सन्तोष वर्मा आदि ने पुजन किया। इसी प्रकार नगर के बजरंग चौराहा नेवरी बागली मार्ग आदि स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना कर आरती पूजन किया जा रहा है।

## ब्रह्म ज्ञान को पाने की योग्यता मात्र शुद्ध अंतःकरण है



ज्ञान रुपी चक्षु कोई भी जन्म से ही लेकर नहीं पैदा होता। और न ही इसे कोई स्वयं अपने बलबूते से धारण कर सकता है। इसे धारण करने के लिए किसी ज्ञानी का सानिध्य जरूरी है। यहां तक कि राम चंद्र जी जैसे अवतरित महापुरुष ने भी इस ज्ञान रूपी चक्षु को धारण करने के लिए ऋषि मुनियों का ही आशीर्वाद लिया था। और आम जन की यह किस्मत पर निर्भर करता है कि उसे जीवन भर कोई ऐसा संग मिल भी पाता है या नहीं। कई बार हमारी आंखों के सामने राह होती है और हम पहचान नहीं पाते हैं।

ज्ञान अर्जित महानुभावों का कहना है कि प्रत्येक मनुष्य में ज्ञान होता है किन्तु अज्ञान उसे आच्छादित किये रहता है। उस अज्ञान के हटने पर ही मनुष्य को ज्ञान की अनुभूति होती है और अज्ञान तभी हटता है जब मनुष्य का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो। ब्रम्हज्ञान पाने का अधिकारी केवल वही साधक है जिसका अंतःकरण शुद्ध होगा। सहज योग ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे नाड़ियों व चक्रों की शुद्धता होती है भय, अहंकार और क्रोध को त्यागकर ही हम पूर्णतः शुद्ध हो सकते हैं। चक्रों में पहले चक्र मूलाधार चक्र पर ध्यान करके हम सत्सत् विवेक व बोध प्राप्त करते हैं जिससे हमें अपने स्व को पहचानने का अवसर मिलता है। ध्यान के दौरान कुंडलिनी शक्ति सभी चक्रों को प्रकाशित करते हुये जब सहस्त्रार का भेदन करती है, ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं। इस ज्ञान चक्षु से हम ईश्वरीय चेतना से अभिभूत होते हैं और सत्य व यथार्थ की अनुभूति होती है। ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने से बढ़कर कोई और ज्ञान नहीं है। हमारे अंदर व्याप्त अंधकार छंटने लगता है और हम अपने को और दूसरों को भी सही प्रकार से देख पाते हैं। योग के अनेक प्रकार हैं। परंतु, सहज योग से कम समय में तथा सांसारिक जीवन में रहते हुए आत्मसाक्षात्कार पाना संभव होता है। एक शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़ें। सहज योग के बारे में जानने हेतु हमारा टोल फ्री नंबर है 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं । सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

## बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को मिली सर तन से जुदा करने की धमकी



इंदौर। बता दें कुछ समय पहले आ रहे इंटरनेशनल कॉल सभी महिला कार्यकर्ताओं ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा के लिए दिया DCP झोन 4 को आवेदन बता दें कुछ समय पहले अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को जान से मारने की धमकी देने पर डीसीपी झोन 4 को अखिल भारतीय बलाई महासभा की महिला पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन दिया बलाई समाज की जिला महामंत्री सुनीता ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंतरराष्ट्रीय कॉल से फोन पर मरने की धमकी दि जा रही है इसी को लेकर आज हम डीसीपी कार्यालय पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा प्रदान करने के लिए ज्ञापन दिया है इस दौरान समाज की काई महिला उपस्थित हुई झोन4के डीसीपी ने कहा कि हम इस मामले की जांच करेंगे और सुरक्षा जल्द प्रदान करेंगे।



## पीथमपुर पुलिस की गूंजती सफलता

# 48 घंटे में लूट का राजफाश, तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स

**इंदौर /पीथमपुर। थाना सेक्टर-1 पुलिस ने अपनी सूझबूझ, तत्परता और जांबाज टीम की सक्रियता से मात्र 48 घंटे के भीतर लूट की बड़ी वारदात का खुलासा कर तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।**



इस कार्रवाई में पुलिस ने न केवल फरियादी की लूटी गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल कीमत करीब एक लाख बीस हजार रुपये बरामद की, बल्कि वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त हीरो होण्डा स्प्लेंडर कीमत लगभग अस्सी हजार रुपये भी जब्त कर कुल दो लाख रुपये से अधिक का मशरुका अपने कब्जे में लिया। इस त्वरित और सटीक कार्रवाई ने पीथमपुर पुलिस की कार्यकुशलता और जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी को एक बार फिर साबित कर दिया है। घटना 26 अगस्त 2025 की शाम करीब छह बजे की है, जब फरियादी अब्दुल आहद पिता अब्दुल कलाम मेहर उम्र 44 वर्ष निवासी गोपालपुरा तहसील महू जिला इंदौर अपनी भैंस को खोजने के लिए मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 एचच 2411 से संजय जलाशय रोड की ओर गए थे। जैसे ही वे पानी की टंकी के पास पहुंचे, तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और बलपूर्वक उनकी मोटरसाइकिल छीन ली। इतना ही नहीं, उनकी पैंट की जेब में रखे दो हजार रुपये भी लूटकर आरोपी फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेक्टर-1 पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। नगर पुलिस अधीक्षक पीथमपुर रवि सोनेर ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. अहिर के निर्देशन में तुरंत ही एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने घटनास्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में गहन पड़ताल शुरू की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और तकनीकी साधनों का भी सहारा लिया गया। पुलिस की इस रणनीति ने मात्र दो दिन में रंग दिखाया और 28 अगस्त,25 को तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल उर्फ लक्की पिता आत्माराम सिरवाल उम्र 21 वर्ष निवासी बावड़ीखेड़ा थाना बड़ोदिया जिला शाजापुर हाल मुकाम सनराइज टाउन कॉलोनी थाना किशनगंज इंदौर, मिथुन उर्फ अजय पिता मांगीलाल मीणा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पलसावद थाना बेरछा जिला शाजापुर हाल मुकाम सनराइज टाउन कॉलोनी किशनगंज इंदौर तथा विमल पिता शिवनारायण गोर उम्र 31 वर्ष निवासी ग्वालनगर हरदा हाल मुकाम छत्रछाया कॉलोनी पीथमपुर जिला धार शामिल हैं। तीनों शातिर आरोपियों से लूटी गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल कीमत लगभग एक लाख बीस हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त हीरो होण्डा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमत लगभग अस्सी हजार रुपये जब्त कर पुलिस ने कुल दो लाख रुपये से अधिक का मशरुका बरामद किया। इस खुलासे में निरीक्षक ओ.पी. अहिर के नेतृत्व में सउनि शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, सउनि के.के. परिहार, अशोक कुमार दुबे, प्र आर विजय सिंह, प्रदीप पाटिल, आर,विक्की कुशवाह, दिलीप, आकाश गवड़े तथा सायबर सेल शाखा के प्रधान आरक्षक सर्वेश सिंह और आरक्षक प्रशांत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही | पीथमपुर पुलिस की इस उपलब्धि ने एक ओर जहां फरियादी को न्याय दिलाया है वहीं दूसरी ओर अपराधियों के हौसले पस्त करते हुए आमजन के विश्वास को और मजबूत किया है। पुलिस की तेज, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि अपराध चाहे कितना भी संगठित या योजनाबद्ध क्यों न हो, कानून की गिरफ्त से बचना संभव नहीं है। इस कार्रवाई की सर्वत्र सराहना की जा रही है और इसे पीथमपुर पुलिस की सतर्कता और प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

# राजेंद्र कॉलोनी में कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढो से कॉलोनीवासी परेशान

रणजीत टाइम्स

राजगढ़ । नगर की सबसे बड़ी एवं वीआईपी कॉलोनी राजेंद्र कॉलोनी जहां नगरपरिषद अध्यक्ष ,नगरपरिषद उपाध्यक्ष ,पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष ,पार्षद ,पत्रकार ,वकील ,समाजसेवी आदि निवासरत है तथा जहां पर गुरु मंदिर ,नाकोड़ाजी मंदिर ,राजराजेश्वर महादेव मंदिर ,शीतलामाता मंदिर ,मरीमाता मंदिर आदि मंदिर भी है जहां आने जाने वाले दर्शनार्थियों को बारिश के दिनों में बहुत दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है ।यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसमें पानी भरा रहता है कॉलोनी वासी परेशान हो चुके हैं ।नगर परिषद यदि इन गड्ढो को भरकर मुरम या चूरी डलवा देवे जिससे मंदिर आने जाने वाले को और कॉलोनी में रहने वाले लोगो को आने -जाने में परेशानी नहीं आएगी ।कॉलोनी में अभी अनेक जगह गणेशजी भी विराजमान है तथा इसके पश्चात नवरात्रि में यहां कार्यक्रम होते हैं जिसको देखने के लिए नगरवासी कॉलोनी में आते हैं ।नगर परिषद को पूर्व में भी कई बार यहां रोड बनाने के लिए कॉलोनी वासी बोल चुके हैं लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलते हैं अतः शीघ्र ही कॉलोनी के लोगों को कीचड़ एवं गड्ढों की समस्या से नगर परिषद मुक्ति दिलवा दे तथा जहां पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं है वहां भी पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करवा देवे ताकि बारिश के दिनों में पानी इकट्ठा ना हो तथा लोगों को बीमारियों से बचाए जा सके ।जब इस बारे में चर्चा करने के लिए संवाददाता धर्मेंद्र भंडारी ने सीएमओ मैडम को मोबाइल लगाया तो वे ट्रेनिंग के लिए बाहर थे।



## जोर शोर से करें विघ्नहर्ता का स्वागत

रणजीत टाइम्स

जैसा कि आप जानते हैं मूसाखेड़ी के गणेशजी अपने आप में हर वर्ष एक अनूठे अंदाज में पधारते हैं जिनकी चर्चा वर्षभर यानि अगले वर्ष के गणेशोत्सव तक बनी रहती है । गौरतलब है कि मूसाखेड़ी क्षेत्र में शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी रमेशसिंह तोमर प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजनों को कुछ इस तरह से योजनाबद्ध करते हैं , जिनमें सामाजिक सरोकारों से जुड़े संदेश हों । प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मुसाखेड़ी में अनूठा गणेशोत्सव आयोजित किया जा रहा है । इस गणेश चतुर्थी पर गणेश जी नई एक्टिवा पर विराजमान हो कर पधार रहे हैं । मूसाखेड़ी के गणेश हमेशा से ही सामाजिक संदेश देते आ रहे हैं , इस वर्ष भी शहर ( यातायात के मामले में ) की बढ़ती हुई दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सावधानी का संदेश देते हुए गणेश जी प्रकट होंगे । गणेश जी शहर के अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर एक विशेष संदेश देंगे ... जीवन है जीवन है इसलिए जब भी दो पहिय वाहन चलाएं हेलमेट जरूर लगाएं दुर्घटना से बचें अपना ओर अपने परिवार का ध्यान रखें आपका परिवार आपके घर लौट आने की प्रतिक्षा कर रहा है ... जीवन की सुरक्षा सावधानीपूर्वक यातायात के नियमों का पालन करते हुए करें । गणेश जी एक्टिवा पर विराजमान है । जयश्री गणेश इस वर्ष आप एक्टिवा पर दर्शन करेंगे भगवान श्री गणेशजी के ।



### झाबुआ के राजा की नगरपालिका परिषद् ने उतारी विशेष आरती

# झाबुआ युथ एवं गौ-सरंक्षण सेवा समिति की ओर से गौ-माता की आरती का भी हुआ आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। शहर के कस्तूरबा मार्ग में इस वर्ष 18वां गणेशोत्सव का जेकेआर ग्रुप द्वारा भव्य रूप से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कस्तूरबा मार्ग में झाबुआ के राजा की भव्य प्रतिमा विराजमान कर भव्य पांडाल निर्माण के साथ रात्रि में आकर्षक विद्युत सज्जा, 2 एलईडी से विशेष आरती



और झाबुआ के राजा के दर्शन भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे है। प्रतिदिन प्रातःकाल एवं रात्रि में अलग-अलग लाभार्थियों द्वारा झाबुआ के राजा की आरती का लाभ लिया जा रहा है। भगवान श्री गणेशजी के चरणों में जेकेआर ग्रुप द्वारा चांदी की चरण पादुका अर्पण करने के साथ प्रतिमा के सम्मुख मूषकराज भी विराजमान किए गए है।

जानकारी देते हुए जेकेआर के वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र पंचाल ने बताया कि 28 अगस्त, गुरूवार को झाबुआ के राजा की विशेष आरती का लाभ नगरपालिका परिषद् द्वारा लिया गया। जिसमें नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार के साथ पार्षदगणों में श्रीमती रेखा अश्विन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि हेमेन्द्र नाना राठौर एवं अभिजीतसिंह बेस, विजय चौहान, पं. महेन्द्रकुमार तिवारी, विनय भाबोर, रवि डोडियार, नरेन्द्र राठौरिया आदि ने गुरूवार रात 8.30 बजे झाबुआ के राजा की विशेष आरती की। इस दौरान जेकेआर ग्रुप के सदस्यों की ओर से सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। झाबुआ के राजा की आरती बाद झाबुआ युथ एवं गौ-सेना संरक्षण समिति की ओर से गौ-माता की आरती का आयोजन किया गया। झाबुआ यूथ एवं गौ-सेना संरक्षण समिति द्वारा इस वर्ष से साक्षात गौमाता की प्रथम आरती का आयोजन किया गया। झाबुआ युथ के विनय वर्मा ने बताया कि यह भव्य आयोजन झाबुआ के राजा प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें आमंत्रित अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गौमाता की आरती बाद सभी ने झाबुआ के राजा और गौ-माता के सामूहिक जयघोष भी लगाए। झाबुआ युथ एवं गौ-सेना संरक्षण समिति द्वारा संकल्प लिया गया है कि इस परंपरा को प्रत्येक वर्ष आयोजित कर समाज में गौ-रक्षा एवं गौ-सेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# वरिष्ठ शिक्षक भोगलेकर की सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित



**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्रराव भोगलेकर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन के प्राध्यापक डॉ.राजेंद्र सक्सेना, प्राचार्य लक्ष्मण सिंह मईडा, वरिष्ठ व्याख्याता भंवरलाल सोनी थे कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ.नरेंद्र कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्या अर्पण, दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से हुई।

**भोगलेकर के मधुर स्वभाव व कर्तव्य निष्ठा का किया उल्लेख**

वक्ताओं ने सेवानिवृत्ति पर राजेंद्रराव भोगलेकर के योगदान की सहराना की। उनके शिक्षा के प्रति उनकी ईमानदारी, मधुर स्वभाव, कर्तव्य निष्ठा, का विशेष उल्लेख किया। सभी ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। संस्थान द्वारा भोगलेकर को शाल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**दिव्यांग छात्रावास में भी हुआ सम्मान**

संकुल प्राचार्य लक्ष्मणसिंह मईडा, राजकुमारसिंह राठौर द्वारा भी शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। दिव्यांग छात्रावास मैं वार्डन अंबाराम बोस द्वारा भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अलका आचार्य, जयेंद्र सिंह राठौर, लोकेंद्र सिंह देवड़ा, राहुल वर्मा, पुनीत जैन, गीता भोगलेकर, संतोष भोगलेकर, अविनाश तारे, शेर अली खान, रामजी माल, तेज कुमार निनामा, बाबूलाल खराड़ी, महेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, डाइट के छात्रअध्यापक एवं भोगलेकर के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक अंबाराम बोस ने किया आभार अलका आचार्य ने माना।

# संयुक्त दल की कार्यवाही में 3 दुकान से जांच कर 7 खाद्य सामग्री सैंपल एकत्रित किए

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर बारिश के मौसम एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए, आमजन को शुद्ध एवं मानक स्तर की गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की सुगम उपलब्धता के मद्देनजर संपूर्ण जिले में जांच अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में गत दिवस 28 अगस्त 2025 को खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल के साथ अकोदिया शहर के 3 खाद्य प्रतिष्ठानों श्री भोग कैफे एंड कोल्ड्रिंक्स,



मेवाड़ा रेस्टोरेंट, गौर्य ट्रेडर्स) का निरीक्षण कर इमली की चटनी, रबड़ी, मिठाई सादा बर्फी, पालक बड़े, खारक, लोंगी मिर्ची तथा सोयाबीन तेल सहित कुल 7 नमूने (सैंपल) लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। साफ- सफाई एवं भंडारण सुधार हेतु 15 दिन का समय दिया।

कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एम के वर्मा एवं श्री केएल कुम्भकार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अकोदिया श्री नरेश सोनी एवं पटवारी शामिल थे।

## पर्युषण पर्व पर निकला वरघोड़ा महिलाओं ने की भगवान की गहुली

रणजीत टाइम्स



मक्सी निप्रः-पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर वरघोड़ा के दौरान भगवान की गहुली करते हुए महिलाये पर्युषण पर्व के अंतिम दिन रहा समाज जनों में रहा उत्सव-पर्युषण पर्व जैन धर्म का मुय पर्व है श्वेतबर इसको आठ दिन और दिगाबर दस दिन तक मनाते है । इस दौरान साधक विभिन्न आसन ,प्रणायम ,धारणा ,ध्यान और समाधि योग जैसी तपस्या करते है ।पर्व का उद्देश्य-पर्युषण पर्व का उद्देश्य आत्मा का शुद्धीकरण करके अवश्यक उपक्रमो पर ध्यान केन्द्रित करना होता है इस अवसर पर विद्वान दस धर्मी शिक्षा का ज्ञान प्रदान करते है ।इस दौरान साधक को अधिक से अधिक समय तक धर्मकार्यो मे व्यस्त रहना जरूरी माना गया है । इस दौरान निर्जला वृत की भी मान्यता है ।पर्युषण पर्व की शिक्षा- पर्युषण पर्व मानव की सोयी हुयी अंर्तचेतना को जग्रत करने , अध्यॅंत्मिक ज्ञान के प्रचार एवं सामाजिक सद्भवना को मजबुत करने के लिए मनाया जाता है साथ ही यह पर्व सिखता है कि संसार की सारी उपब्धियो को प्राप्त करने के लिए सद्भवना अवश्यक है ।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित

रणजीत टाइम्स

पिपलौदा । शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में मेजर ध्यानचंद जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए खेल जगत में मेजर ध्यानचंद जी द्वारा दिए गए योगदान एवं विश्व पटल पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राप्त ख्याति से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। साथ ही महाविद्यालय में खेल संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई जिनमें छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको द्वारा सहभागिता की गई।



## त्रिशलानन्दन वीर की जय बोलो महावीर की,पर्युषण पर्व के समापन के साथ निकाली शोभायात्रा



रणजीत टाइम्स

खेतिया । त्रिशला नंदनवीर की जय बोलो महावीर की ,एक दो तीन चार जैन धर्म की जय जयकार की गूंज के साथ शहर के मंदिरजी से शोभायात्रा( वरघोडा ) प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिरजी पहुंची इस दौरान रथ में विराजित भगवान का पूजन लोगों ने गवली बनाकर किया वहीं पर्यूषण पर्व की समाप्ति के साथ शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबि शामिल रहे। शहर के स्थानक में विराजित विद्वान साध्वियों द्वारा चातुर्मास में दिए जा रहे धार्मिक प्रवचनों के प्रभाव से तपस्याओं का दौर निरंतर जारी है शहर के जैन धर्मावलंबियों द्वारा सामूहिक क्षमापना के साथ पर्युषण पर्व पूर्ण हुआ।स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष राजमल जी लुनिया व मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष अतुल भंसाली ने सभी के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया है।

# किसानो के समर्थन मे जल सत्याग्रह मे शामिल हुए विधायक ग्रेवाल

### किसानो से वसुली का माध्यम बनी फसल बीमा योजना - व9धायक प्रताप ग्रेवाल

रणजीत टाइम्स



सरदारपुर । किसानो की विभीन्न मांगो को लेकर सरदारपुर मे माही नदी पर जल सत्याग्रह कर रहे किसान यूनियन के समर्थन मे विधायक प्रताप ग्रेवाल भी पहुचे और जल सत्याग्रह मे शामिल हुए। विधायक ग्रेवाल ने किसानो के साथ फसल बीमा से वंचित किसानो की समस्या के संबंध मे एसडीएम आशा परमार को ज्ञापन सौंपकर सरदारपुर तहसील के वंचित ग्रामो के किसानो को फसल बीमा प्रदान करने की मांग रखी, अगर 31 अगस्त 2025 तक वंचित किसानो को फसल बीमा प्रदान नही किया जाता है तो दिनांक 4 सितंबर 2025 को क्षैत्र के किसानो के साथ सरदारपुर मे एसडीएम कार्यालय पर फसल बीमा के संबंध मे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। विधायक ग्रेवाल ने मीडिया से चर्चा मे बताया कि बीमा कंपनी एवं सरकार द्वारा फसलो मे नुकसानी का सेटेलाईट सर्वे किया जाता है जिससे कई किसान एवं कई गॉव फसल बीमा से वंचित रह जाते है। इस योजना मे सिर्फ बीमा कंपनी को लाभ पहुचाया जा रहा है और किसानो को फसल बीमा के नाम पर सरकार द्वारा ठगा जा रहा है। यह योजना सिर्फ किसानो से वसुली का माध्यम बन चुकी है।

वही विधायक ग्रेवाल द्वारा जल सत्याग्रह के दौरान सरदारपुर तहसील के विभीन्न ग्रामो मे विद्युत तार एवं क्षतिग्रस्त केबल की समस्या के संबंध मे विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री नितीन चैहान को अवगत करवाया। धुलेट मे महावीर जलाशय के वेस्टवियर पर पुलिया निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग के एमएस चोहान को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

## स्ट्रैंथ लिफ्टिंग के गुलाब सिंह गुंडिया बने इंदौर संभाग के अध्यक्ष

रणजीत टाइम्स

झाबुआ। मध्य प्रदेश स्ट्रैंथ लिफ्टिंग के अध्यक्ष मोहन सिंह राठौर द्वारा झाबुआ जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी गुलाब सिंह गुंडिया को अलीराजपुर धार बड़वानी खरगोन खंडवा बुरहानपुर झाबुआ इंदौर का अध्यक्ष नियुक्त होने पर जय बजरंग व्यायाम शाला के खिलाड़ी उमेश मेडा अजय गुंडिया राकेश चौहान संजय भूरिया संदीप मालवीय मनोज परमार विनोद उन्नति मकवाना शीला डामोर प्रियंका बारिया अर्चना तोमर छाया मावी नानूडी चारेल नीतिका गुड़िया अवंतिका भूरिया व्यायाम शाला के सदस्य उमंग सक्सेना यशवंत भंडारी नीरज राठौर संजय काठी प्रकाश चौहान ललित शर्मा मनीष व्यास सुनीता सुशील वाजपेई भारती सोनी राजेश बारिया अश्विन शर्मा नरेंद्र चौहान प्रेम सिंह उस्ताद चंद्र सिंह चंदेल सभी ने गुलाब सिंह गुड़िया का स्वागत किया जल्द ही जिले की स्ट्रैंथ लिफ्टिंग टीम का भी गठन किया जाएगा ताकि जिले से अच्छे खिलाड़ी निकल सके जिसका शेयर स्वर्गीय सुशील वाजपेई पहलवान को दिया जाता है जिनकी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से यहां तक पहुंचे है।



## झारखंड सरकार होश में आओ

रणजीत टाइम्स

इंदौर। झारखंड सरकार के विधायक ने विधान सभा में मांग की है कि जैन संस्कृति आन बान शान तीर्थ राज सम्मेद शिखरजी पर भगवान झारखंड सरकार के पुर्व शिबू सोरेन और कई नेताओं की स्टैचू पार्श्वनाथ टोंक के पास स्थापित करने के लिए झारखंड विधानसभा में विधायक द्वारा मांग की है। जिनशासन एकता संघ एवं विश्व जैन संगठन के मयंक जैन ने कहा कि किसी भी सरकार को तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखरजी में अपना अधिकार बताना बहुत ही निंदनीय कृत्य है। जैन ने कहा कि विधायक की इस मांग से भारत वर्षीय जैन समाज आंदोलित है। हमारा झारखंड सरकार से कहना है कि तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी जेनो का था है और रहेगा।इस तीर्थ की रक्षा के लिए हमें अपने प्राण भी देना पड़े तो हम हजारों की संख्या में तीर्थ की रक्षा के लिए अपने प्राण भी निछावर करने के लिए तैयार है। हमारे शाश्वत तीर्थ के लिए श्रमण संस्कृति के महामहिम आचार्य विशुद्ध सागर जी के शिष्य श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी ने भी अपने व्यक्तव में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तीर्थ पर किसी ने भी कब्जा करने की कोशिश की तो पुरे देश में अहिंसक आंदोलन किया जाएगा। इंदौर दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, सुशील पांड्या हंसमुख गांधी टीके वेद नरेंद्र वेद नकूल पाटोदी सुभाष काला प्रदीप गंगवाल एवं फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल महिला परिषद् की मुक्ता जैन रेखा जैन श्रीफल आदि ने विधायक की इस मांग का विरोध करते हुए कहा कि ये मांग आपकी सपने में भी पुरी नहीं होगी।



## कु.विधि परमार ने शतरंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया



रणजीत टाइम्स

झाबुआ । दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारत के गौरव हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्राचार्य प्रो. पी. के. उछावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया । स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. पूजा बघेल ने संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद के खेल संबंधी विचारों को याद कर खेल दिवस के महत्व को समझाया। क्रीड़ा अधिकारी श्री कोमल बारिया ने बताया कि किस तरह मेजर ध्यानचंद की प्रतिभा को देखकर हिटलर भी चकित रह गए थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने जीवन में खेलों का महत्त्व बताते हुए मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियां बताई और प्रतियोगियों को शुभकामना देकर प्रतियोगिता शुरू करवाई। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार परसेंडीया ने खेल के नियम बताकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. भूर सिंह निंगवाल, प्रो. भारती जमरा, डॉ.प्रियंका डुडवे, प्रो. जितेंद्र कौरव उपस्थित रहे।आभार प्रो . प्रगति ने मिमरोट ने माना

# जावरा में सम्पन्न हुआ राजेन्द्र-जयन्त पारणा महोत्सव

## भव्य वरघोड़ा एवं 200 तपस्वियों का पारणा बना ऐतिहासिक दृश्य

रणजीत टाइम्स

जावरा । गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की क्रियोद्धार पुण्यभूमि जावरा में दो दिवसीय राजेन्द्र-जयन्त पारणा महोत्सव धर्म-भक्ति और तप की अनूठी छटा बिखेरते हुए सम्पन्न हुआ। श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ एवं भवनिव्वेओ चातुर्मास समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी म.सा., साध्वी श्री निरागरसा श्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री जिनांशरसा श्रीजी म.सा. का पावन सान्निध्य रहा। पारणा महोत्सव के प्रथम दिवस पर 16 उपवास एवं अठाई तप करने वाले तपस्वियों ने अपनी साधना पूर्ण कर संघ के बीच पारणा किया। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से भरे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर तपस्वियों की अनुमोदना की तथा धर्मलाभ अर्जित किया।

पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा के समुदायवर्ती साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी म.सा. की प्रेरणा से 8 वर्ष से लेकर 72 वर्ष आयु वर्ग तक के लगभग 200 आराधकों ने कठिन सिद्धितप की साधना पूरी की। महोत्सव के द्वितीय दिवस तपस्वियों के अनुमोदनार्थ निकला भव्य ऐतिहासिक वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में कृषि उपज मंडी प्रांगण (खाचरोद नाका) पहुँचा। नगर धर्ममय वातावरण से गूंज उठा। अतिथियो के द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुबह साध्वी श्रीजी के प्रवचन और धर्मसभा से आरंभ हुआ कार्यक्रम 200 सिद्धितप एवं 8 मासक्षमण तपस्वि एवं 150 से अधिक अट्ठाई तपाराधना का पारणा ऐतिहासिक दृश्य बना। लाभार्थी परिवारों का बहुमान एवं स्वामीवात्सल्य में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। रात्रि में प्रभुभक्ति व भक्ति गीतों के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



नगर का गौरव

अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया कि यह आयोजन जावरा नगर के लिए गौरव का अविस्मरणीय अवसर है। साध्वी श्रीजी की अमृतवाणी और तपस्वियों की आराधना ने नगर को धर्मरस एवं भक्ति से सराबोर कर दिया। श्रीसंघ व परिषद के राष्ट्रीय व प्रान्तीय पदाधिकारीगण सहीत गुरूभक्तो का नगर में मेला लगा था । श्रीसंघ व चातुर्मास समिति ने सभी लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना करते हुए तपस्वियों की सुखशाता पृच्छा की और समस्त श्रावक-श्राविकाओं का आभार व्यक्त किया।

### पारणा महोत्सव की छटा बिखरी

नागदा नगर में पारणा महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता व विधायक राजेन्द्र पाण्डे , जैन समाज के विधायक दिनेश बोस, पूर्व विधायक पारस जैन ,परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड महामंत्री सुधीर लोढ़ा ,शान्तिलाल जी दसेड़ा, संजय कोठारी,मुकेश नाकोडा,परिषद मिडीया प्रभारी ब्रजेश बोहरा अनिल दसेडा सहित संघ अध्यक्ष अजीत चत्तर व चातुर्मास अध्यक्ष धर्मेन्द्र कोलन व महिला परिषद प्रान्तीय अध्यक्ष सारिका कोलन मंचासीन थे। अनेक जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजनों एवं सकल जैन श्रीसंघ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

70 रथों में तपस्वियों का नगर परिभ्रमण

नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया। जगह-जगह नगरवासियों, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं ने तपस्वियों का भव्य स्वागत किया। सभी अतिथि के उद्धबोधन हुवे।

### भव्य पांडाल में हुआ आयोजन

विशाल पांडाल में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक श्रीसंघों से पधारे गुरुभक्तों ने अपनी सहभागिता से वातावरण को आध्यात्मिकता और उल्लास से सरोबार कर दिया।

# अन्नदाता गणपति : किसानों को समर्पित आस्था और नवाचार का अनूठा संगम

रणजीत टाइम्स

इंदौर। गणेशोत्सव के अवसर पर इंदौर में श्रद्धा और नवाचार का दुर्लभ मेल देखने को मिला। यहाँ किशोर गहलोत पिछले 20 वर्षों से अनाज से निर्मित गणपति बप्पा की स्थापना कर रहे हैं। इस बार भी उन्होंने सरसों, मसूर, उड़द, रागी, मक्का, तिल, बाजरा, चावल सहित विभिन्न तिलहन और अनाजों से बप्पा का ऐसा स्वरूप गढ़ा है, जो किसानों को समर्पित है। किशोर गेहलोत का कहना है कि यह गणपति



रूप उन मेहनतकश हाथों को नमन है, जो धरती से अन्न उपजाकर पूरे विश्व का पेट भरते हैं। प्राकृतिक और कृषि-आधारित सामग्री से तैयार यह गणपति न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण-संरक्षण और किसानों के सम्मान का संदेश भी देता है। मध्यप्रदेश को अन्न और तिलहन का भंडार कहा जाता है। यही प्रेरणा इस रचना में दिखाई देती है, जहाँ गणपति जी के स्वरूप में हरियाली और समृद्धि की छवि झलकती है। अशोक नगर, एयरपोर्ट रोड स्थित अपने निवास से किशोर गहलोत लगातार इस परंपरा को निभा रहे हैं। हर वर्ष वे एक नए रूप और नई थीम के साथ गणेशोत्सव को रचनात्मकता और सामाजिक संदेश से जोड़ते हैं। स्थानीय समाज और श्रद्धालुओं के अनुसार, यह पहल केवल धार्मिक आस्था का विस्तार नहीं, बल्कि किसानों के महत्व और उनके योगदान की याद दिलाने वाला एक जीवंत संदेश है। साथ ही, यह पर्यावरण-सम्मत पूजा पद्धति को भी प्रोत्साहित करता है, जिसमें मिट्टी और प्राकृतिक वस्तुओं का ही उपयोग होता है। कला, भक्ति और सामाजिक सरोकार का यह अद्भुत संगम इंदौर के गणेशोत्सव को अलग पहचान देता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनता है।

# हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती मनाई गई एवं कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई



रणजीत टाइम्स

पेटलावद । पेटलावद में मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग झाबुआ द्वारा सांदीपनि खेल परिसर पेटलावद में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर तीन दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय कहार भाजपा मंडल अध्यक्ष पेटलावद, श्री महेश भामदरे उप निरीक्षक पेटलावद, श्री पूरालाल चौहान प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय पेटलावद, लॉयंस क्लब पेटलावद ग्रेटर से श्री रविराज पुरोहित, श्री सुरेश पुरोहित, श्री राजेश यादव, श्री वीरेंद्र भट्ट, श्री गौरसिंह कटारा पैसा जिला समन्वयक, श्री आशीष बाविस्कर, श्री पंकज मालवी मेरा युवा भारत झाबुआ एवं बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। श्री हेमराज गणावा युवा समन्वयक पेटलावद ने बताया कि आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हम महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी अद्वितीय प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण ने हमें गर्वित किया है। श्री संजय कहार ने खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में बताया कि आइए हम खेल दिवस के अवसर पर अपने खेल कौशल को विकसित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। श्री महेश भामदरे ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों को अपने अनुभव साझा किए और बताया कि खिलाड़ियों को खेल खेलते समय किस प्रकार सतर्क रहना चाहिए।


लॉयंस क्लब पेटलावद ग्रेटर से श्री रविराज पुरोहित ने बताया कि युवाओं को खेल में आगे बढ़ते हुए विभिन्न विभागों में सेवा देने के लिए सरकार द्वारा खेल कोटे की व्यवस्था की गई है। श्री योगेंद्रदंत पुरोहित खेल शिक्षक पेटलावद ने सभी अतिथियों व खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया और खिलाड़ियों को मिलने वाली शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मंच संचालन पंकज मालवी द्वारा किया गया। अंत में, सभी विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अखिल जैन बंसल "राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025" से सम्मानित

रणजीत टाइम्स

जयपुर/ राजस्थान के प्रख्यात पत्रकार डॉ. अखिल जैन बंसल को हाल ही में YSS इंडिया द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समाज में जागरूकता फैलाने तथा सूचनाओं के विश्वसनीय प्रसार के लिए प्रदान किया गया। YSS इंडिया द्वारा आयोजित इस डिजिटल सम्मान समारोह में उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र, सदस्यता आई डी कार्ड, वेबसाइट प्रोफ़ाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य प्रतिष्ठित लाभ भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि यह पुरस्कार स्वातंत्र्य सेनानियों एवं रिटायर्ड आर्मी अफ़सरों की राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा चयनित कर प्रदान किया गया, जिससे इस सम्मान की गरिमा और भी बढ़ गई।

डॉ. अखिल जैन बंसल ने पिछले कई दशकों से पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। उनके प्रयासों के कारण असंख्य लोगों तक सत्य और सटीक जानकारी पहुँची है और समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उनके समर्पण ने स्थानीय समुदायों में सूचनाओं की विश्वसनीयता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




डॉ. अखिल जैन बंसल ने कहा,

"यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि उन सभी साथियों और पत्रकारों का है, जिन्होंने मीडिया और समाज सेवा के क्षेत्र में मेरा साथ दिया। पत्रकारिता मेरे लिए केवल कार्य नहीं, बल्कि समाज को सच के साथ जोड़ने का मार्ग है। मैं YSS इंडिया का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मेरे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी।" यह पुरस्कार डॉ. अखिल जैन बंसल जैसे प्रेरक पत्रकारों की उपलब्धियों का सम्मान है, जो अपने समर्पण और कर्मठता से समाज और राष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

# 400 के.व्ही. भोपाल लाइनों के क्षतिग्रस्त टावरों की शीघ्र मरम्मत के लिये एम पी ट्रांसको इटारसी के गप्पू सिंह पुरूस्कृत



रणजीत टाइम्स

भोपाल। चिलचिलाती भीषण गर्मी में 400 के.व्ही. लाइनों के 50 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान के क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत कर पुर्नस्थापना में विशेष योगदान देने वाले एम.पी. ट्रांसको इटारसी के वरिष्ठ लाइन कार्मिक गप्पू सिंह को मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक समारोह में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सम्मानित कर पुरूस्कृत किया। उल्लेखनीय है ग्रीष्म ऋतु में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन (एम.पी. ट्रांसको) की 400 के.व्ही. भोपाल-इटारसी एवं 400 के.व्ही. बीना- भोपाल लाइन के अनेक टावर क्षतिगस्त हो गये थे।

राजधानी भोपाल से जुड़ी इस अति महत्वपूर्ण लाइन के टावरों के कम से कम समय में पुर्नस्थापना कार्य को गप्पू सिंह ने एम.पी. ट्रांसकों की विभिन्न टीमों के कार्मिकों से समन्वय बनाकर न्यूनतम संभव समय में कर दिखाया। उनके इस सराहनीय कार्य के कारण भोपाल-इटारसी 400 के.व्ही की सप्लाई जल्द बहाल हो सकी। इस अति विशिष्ट कार्य के लिये जबलपुर में आयोजित समारोह में गप्पू सिंह को प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने प्रशस्ति पत्र, सिल्वर मैडल तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया।

# ज़िले में वह कौन दलाल है जिसके संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है




**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । जिले में व शहर में अवैध शराब का कारोबार किसी दलाल के संरक्षण में दिन दौगुनी रात चौगुनी की तर्ज पर बढ़ता जा रहा है । यह अवैध शराब दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के माध्यम से आसानी से शहर की छोटी छोटी दुकानों से लेकर गांव फलियों तक पहुंच चुकी है । इस दलाल की बढ़ती सक्रियता और अवैध शराब माफियाओं के प्रति ईमानदारी जिले में जनचर्चा का विषय बनती जा रही है । शराब ठेकेदार द्वारा अवैध शराब ऐसे परोसी जा रही है जैसे सरकार द्वारा सोसाइटियों से अनाज बांटा जा रहा है वैसे ही गांव-गांव फलिया फलिया तक अवैध शराब के काउंटर खोलकर बेरोजगार युवाओं को डायरी और कमीशन के जाल में उलझा कर , शराब ठेकेदार अपनी रोटियां सेक रहा है और इन सब के लिए आबकारी विभाग अंतर्गत किसी दलाल का पूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है और शराब के माध्यम से रोजगार देने की प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है । सूत्रों का कहना है कि आबकारी विभाग और अवैध शराब माफियाओं के बीच मध्यस्थता किसी दलाल द्वारा की जा रही है और यह दलाल कौन है इसकी छानबीन की जा रही है । क्या यह दलाल कोई विकास या फिर धर्मेंद्र या फिर बसन्त है या फिर कोई और ...... । वही आबकारी विभाग का मूल कार्य तो वैध शराब की आड़ में अवैध शराब पर रोकथाम लगाना है । लेकिन जिस प्रकार से आबकारी विभाग कार्य कर रहा है ऐसा प्रतीत होता है मानो विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, सरकार से नहीं , बल्कि क्षेत्र के शराब ठेकेदार से वेतन ले रहे है शराब ठेकेदार के प्रति आबकारी विभाग की वफादारी देख लोग अब तो आबकारी विभाग की ईमानदारी की कसमें खाने लगे हैं क्षेत्र में कहा और कितनी मात्रा में शराब पकड़नी है या कितनी मात्रा का केश बनाना है यह सब शराब ठेकेदार तय करता है और विभाग बकायदा ठेकेदार या दलाल के नियमों का पालन पूरी ईमानदारी से करता है ।

जिले में व शहरी क्षेत्रों में कहा कहा अवैध शराब का विक्रय हो रहा है यह तो बच्चे से लेकर वृद्ध तक को मालूम है लेकिन आबकारी विभाग को नहीं । कही न कही आबकारी अधिकारी की लचीली कार्यप्रणाली और अवैध शराब माफियाओं की अनदेखी के कारण ही जिले में अवैध शराब का कारोबार बढ़ता जा रहा है । और वर्तमान में जिस ईमानदारी के साथ आबकारी विभाग अवैध शराब माफियाओं को संरक्षण दे रहा है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में यह अवैध शराब हर दुकानों पर आम सामग्री की तरह उपलब्ध होगी । जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य पूर्ण रूप से अंधेरे में जाने की संभावना है ।

# आईजा द्वारा आयोजित जैन पत्रकारो के महासम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह करेगें शिरकत

सिरोंज । ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारो का महा सम्मलेन 5 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में आयोजित होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी शिरकत करेंगें। आईजा द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय पत्रकारो के महा सम्मेलन में 5 अक्टूबर को तीर्थ चतुर्वती गुरुवर जगत् पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के जैन पत्रकार एंव प्रथम बार महिला पत्रकार बडी संख्या में पधार रहें है। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश की विभिन्न पत्रकारिता जगत से जुडी हस्तियो के साथ देश के राजनेता,आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। इस पत्रकारो के सम्मेलन में जीव दया,जैन तीर्थ क्षेत्रो की रक्षा व सुरक्षा के साथ वर्तमान समय में पत्रकारो को कवरेज करते समय उनकी रक्षा और सुरक्षा,जैनत्व संस्कारो का संरक्षण कैसे आदि को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। वही कार्यक्रम के आमंत्रण के लिए आईजा का एक प्रतिनिधि मण्डल मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिला और कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कार्यक्रम में आने की सहर्ष अनुमति प्रदान की। इस मौके पर



आईजा के प्रतिनिधि मण्डल में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,प्रदेश महामंत्री अंकित जैन,वरिष्ठ पत्रकार अर्चित जैन पुणा, इंजीनियर शोभित जैन विदिशा,आहान जैन सैनानी आदि मौजूद रहें।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स